हिन्दी विभाग

शिक्षक दिवस

05 सितम्बर 2023

छात्रों ने शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया के हिन्दी विभाग में स्वतंत्र भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति भारत रत्न दार्शनिक डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन 05 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर विभागीय शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर एम ए तृतीय एवं प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने डॉ0 आर के टण्डन, प्रो0 जे आर कुर्रे एवं प्रो0 डी के संजय को फोटो फ्रेम भेंट कर गुलदस्ते से स्वागत किया और आशीर्वाद लिया। तीनों ही शिक्षकों ने डॉ0 राधाकृष्णन के जीवन परिचय, दार्शनिक विचार व शिक्षा–सम्मान–पद का उल्लेख किया। साथ ही, स्वयं के जीवन से जुड़ी घटनाओं का जिक्र करते हुए छात्रों को अध्ययन के प्रति प्रेरित किया। छात्रों के अनुरोध पर प्रो0 कुर्रे ने स्वरचित गजल की प्रस्तुति दी तथा डॉ0 टण्डन ने मौलिक कविता भी सुनाई।

रोहित कुमार, राजेश साहू, लीलाधर राठिया, जयप्रकाश, भूपेन्द्र राठिया, छाया डनसेना, छाया राठौर, अर्चना राठौर, अनिषा घृतलहरे, पिंकी साहू, सुनीता मिरी, राजेश्वरी, मनीषा डनसेना, भावना केंवट, हेमलता, गीता कुमारी, शकुनतला राठिया, हेमलता, रूखमणी राठिया, अम्बिका राठिया, देविका राठिया, रजनी महन्त, रेणु, कविता चन्द्रा, श्रेया सागर, चन्द्रकान्ति, लकेश्वरी वैष्णव, चम्पा सिदार, जयंती डनसेना, रितिक कुमार साहू, अमन, जितेन्द्र कुमार आदि के मुख्य आयोजन एवं छाया राठौर के मंच संचालन में शिक्षक दिवस को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम–सह–सम्मान समारोह के रूप में विभाग में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

STUDENTS
Hindi Department, Teachers' Day, 05-09-2023

Hindi Department 05-09-2023